# Samyak

An Institute For Civil Services

# करेंट अफेयर्स

## द्विमासिक समसामयिकी

मार्च - अप्रैल: 2023








### विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- राजस्थान सुजस सार
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत

सभी प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी

# What Do Our Shining Stars Say !



## MUKTA RAO, RAS (Rank - 1, RAS Exam 2018)

आज मुझे बहुत गर्व हो रहा है तथा इसका श्रेय मेरे माता-पिता, परिवार जन एवं सम्यक इंस्टिट्यूट को जाता है। सम्यक मेरे लिए दूसरा घर है तथा यहाँ से मिली सहायता व मार्गदर्शन के लिए मैं सम्यक टीम की शुक्रगुजार हूँ। सम्यक द्वारा दी गई नियमित कक्षायें, Mains की परिणामोन्मुख तैयारी तथा Test Series का मेरे Selection मे विशेष योगदान रहा है।



## Shivakshi Khandal, RAS (Rank - 3, RAS Exam 2018)

सबसे पहले सम्यक और सम्यक टीम को बहुत बहुत बधाई। ये जो मेरा Experience रहा है इसमें सम्यक का Guidance काफी अच्छा रहा और साथ ही में यहाँ की Test Series से मुझे बहुत Help मिली है। मेरे लिए सम्यक का Experience बहुत अच्छा रहा जिसका मेरी सफलता में अहम योगदान रहा। Thanks Samyak



## RAVI KUMAR GOYAL, RAS (Rank - 7, RAS Exam 2018)

मुझे ये सफलता तीसरे प्रयास में मिली है। इस सफलता का श्रेय ईश्वर, माता-पिता और साथ ही सम्यक को जाता है जिन्होने शुरू से लेकर Last तक मेरी हर तरीके की मदद की है चाहे वो Test Series हो Class Room Programe हो या Interview Class हो मुझे यहाँ से Proper Guidance एवं सही Direction मिला जिससे मैं अच्छा Score कर पाया। धन्यवाद सम्यक



## NIHARIKA SHARMA, RAS (Rank - 15, RAS Exam 2018)

मेरी सफलता का श्रेय ईश्वर, माता-पिता और सम्यक को जाता है। मुझे यहाँ से Proper Guidance एवं सही Direction मिली और साथ ही में मुझे यहाँ पर Proper Study Material मिला जो मेरे लिए बहुत Helpful रहा। यहाँ पर मैंने Mock Interview दिया था। जिसके कारण मेरा Performance अच्छा रहा और Mains में एक अच्छा Score करने में मदद मिली। Thanks Samyak



## ANIL KUMAR SINGHAL, RAS (Rank - 1, RAS Exam 2013)

वर्तमान परिदृश्य में सम्यक संस्थान द्वारा RAS परिक्षा हेतु किये जा रहे प्रसाय सराहनीय एवं श्रेष्ठ है। वर्तमान प्रतियोगिता परिक्षा हेतु संस्थान द्वारा बेहतर मार्गदर्शन, कक्षा कार्यक्रम एवं साक्षात्कार तैयारी पूर्ण मनोयोग से की जा रही है। आशा है संस्थान, भविष्य में और भी बेहतर वातावरण उपलब्ध करता रहेगा। मुझे भी संस्थान के मानद मार्गदर्शक श्री कौशल भारद्वाज जी से काफी लम्बे समय से सहयोग प्राप्त होता रहा है। भविष्य में अन्य विद्यार्थी संस्थान से जुड़कर सफलता प्राप्त कर सकते है। मैं सम्यक का हमेशा शुक्रगुजार रहूँगा।



## SHAILESH KHAIRWA, RAS (Rank -2A, RASExam 2016)

*The SAMYAK has played a significant role in my achievement. Extensive knowledge about the subject along with constant availability and guidance of teachers made SAMYAK a perfect match for me. Competitive and inspiring environment and good study material by the centre have helped me immensely the regular tests conducted here also proved beneficial. I would recommend SAMYAK to all Civil Service aspirants.*



## SANJAY KUMAR GORA, RAS (Rank - 6, RAS Exam 2016)

*Right from the portrait in the entrance that welcomes us aspirants every day to the founding team that comprised of Civil Servants, the faculty who are all experts in their respective subjects to the personal guidance and unique mentoring programme - each and every aspect of the SAMYAK inspires and encourages us to be a Civil Servant.*



## MAHESH KUMAR, IRS (Civil Service Exam, 2015) RPS (RAS Exam 2012)

*I owe my success to the SAMYAK team for guiding me throughout my journey. My dream is a reality today because of proficiency and expertise of the teachers at SAMYAK and their immense faith in their students. The dedication and commitment of the teachers at SAMYAK and their ability to make the classes so interesting is a superlative effort which is unmatched. I am deeply indebted to them for giving me knowledge which has helped me shape my dreams and in making me capable of achieving them.*

## अनुक्रमणिका

1. अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम ........ 1 – 7
2. राष्ट्रीय घटनाक्रम ........ 8 – 12
3. राजस्थान ........ 13 – 15
4. सुजस सार ( मार्च -अप्रैल ) ........ 16 – 17
5. रक्षा/विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ........ 18 – 20
6. आर्थिक घटनाक्रम ........ 21 – 22
7. खेल ........ 23 – 24

# अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम

### वैश्विक खुफिया प्रमुखों का सम्मेलन

- भारत ने 1 मार्च को विश्वभर के 26 देशों के खुफिया और सुरक्षा प्रमुखों के दूसरे सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन ने वर्तमान में चल रहे भू-राजनीतिक तनावों पर चर्चा करने के लिए प्रतिभागियों को इस संकट और अन्य भू-राजनीतिक तनावों को दूर करने के तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया। हालांकि, यह बैठक रूस-यूक्रेन संघर्ष पर केंद्रित थी।
- **यह भी जानें:**- इस सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन, रायसीना डायलॉग के एक भाग के रूप में देश की बाहरी खुफिया एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW) एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) द्वारा किया जाता है जो NSA को रिपोर्ट करता है।
- **रायसीना संवाद :**- रायसीना संवाद, भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर आधारित भारत का प्रमुख सम्मेलन है जो वैश्विक समुदाय के सामने सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और विदेश मंत्रालय संयुक्त रूप से इस सम्मेलन का आयोजन करते हैं। वर्ष 2023 में इसकी थीम, 'उत्तेजना, अनिश्चितता, अशांति: तूफान में प्रकाश स्तंभ' का उद्देश्य दुनिया की वर्तमान स्थिति को चित्रित करना है। यह संवाद एक बहु-हितधारक, क्रॉस-सेक्टोरल चर्चा के रूप में संरचित है, जिसमें राज्य के प्रमुख केबिनेट मंत्री और स्थानीय व्यापारी प्रतिनिधि, मीडिया तथा शिक्षाविद् विचारकों के रूप में भाग लेते हैं।

### मेरापी ज्वालामुखी

- मेरापी (अग्नि पर्वत) इंडोनेशिया का एक सक्रिय ज्वालामुखी है। हाल ही में कई विस्फोट के कारण यह चर्चा में रहा। इस ज्वालामुखी का उद्गार 2,911 मीटर तक होता है और इसके निम्न भाग में सघन वनस्पतियों के साथ खड़ी ढलानें हैं। यह जावा द्वीप और इंडोनेशिया की सांस्कृतिक राजधानी याग्याकार्टा के केंद्र के पास स्थित है। वर्ष 2010 में इसके अंतिम बड़े विस्फोट में 347 लोग मारे गए और 20,000 ग्रामीण विस्थापित हुए।

### वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट 2023

- यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क की ओर से 20 मार्च, 2023 में 'विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2023' जारी की गई है। 136 देशों को लेकर जारी रिपोर्ट में फिनलैंड को लगातार छठी बार शीर्ष स्थान प्रदान किया गया है। जबकि डेनमार्क दूसरे व आइसलैंड तीसरे स्थान पर है। भारत 125वें स्थान पर रहा। अफगानिस्तान का सबसे खराब प्रदर्शनकर्त्ता रहा, उसके बाद क्रमश: लेबनान, सिएरा लियोन, जिम्बाब्वे का स्थान है।
- **यह भी जानें:**- विश्व खुशहाली रिपोर्ट वर्ष 2012 के बाद से प्रत्येक वर्ष 20 मार्च के आस-पास इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस सेलिब्रेशन के हिस्से के रूप में प्रकाशित की जाती है। यह रिपोर्ट 150 से अधिक देशों में लोगों के सर्वेक्षण डेटा के आधार पर वैश्विक स्तर पर खुशहाली हेतु रैंक प्रदान करती है। रैंकिंग खुशहाली को मापने

हेतु छह प्रमुख कारकों का उपयोग करती है- सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति।

## SCO का संवाद भागीदार बना सऊदी अरब

- सऊदी अरब को शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organization-SCO) में एक संवाद भागीदार के रूप में शामिल होने की मंजूरी मिल गई है। SCO का गठन वर्ष 2001 में रूस, चीन और मध्य एशिया के पूर्व सोवियत राज्यों द्वारा किया गया था और तब से भारत और पाकिस्तान को शामिल करने के लिए इसका विस्तार किया गया है। ईरान ने भी वर्ष 2022 में पूर्ण सदस्यता के लिए दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इस संगठन के उद्देश्यों में क्षेत्रीय सुरक्षा, सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सैनिकों की संख्या में कमी करना, और आतंकवाद की चुनौती पर काम करना आदि शामिल था।

## UN हाई सी ट्रीटी

- संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों की समुद्री जैवविविधता के संरक्षण और सतत् उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए 4 मार्च 2023 को 'हाई सी ट्रीटी' पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका के न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे क्षेत्रों की समुद्री जैवविविधता (BBNJ) पर अंतर सरकारी सम्मेलन (IGC) के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्त्व में बातचीत के दौरान इस पर सहमति बनी थी। संधि को औपचारिक रूप से स्वीकृति प्रदान करना अभी बाकी है क्योंकि सदस्यों को अभी इसकी पुष्टि करनी है। एक बार स्वीकृति मिल जाने के बाद यह संधि कानूनी रूप से बाध्यकारी होगी।
- **हाई सी क्या है:**- हाई सी पर 1958 के जेनेवा अभिसमय के अनुसार समुद्र के वे हिस्से जो प्रादेशिक जल या किसी देश के आंतरिक जल में शामिल नहीं हैं, हाई सी के रूप में जाने जाते हैं। यह किसी देश के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (समुद्र तट से 200 समुद्री मील यानी 370 किमी. तक फैला क्षेत्र) से परे ऐसा क्षेत्र है जहां के जीवित और निर्जीव संसाधनों पर एक राष्ट्र का अधिकार होता है। हाई सी में संसाधनों के प्रबंधन और सुरक्षा के लिए कोई भी देश जिम्मेदार नहीं है।

## वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2023

- थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा टेररिज्म ट्रैकर और अन्य स्रोतों के डेटा का उपयोग करके हाल ही 'वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (GTI)' जारी किया गया है। सूचकांक में भारत 13वें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान लगातार चौथे वर्ष आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना हुआ है। पाकिस्तान वर्ष 2022 में दुनियाभर में आतंकवाद से संबंधित मौतों के संदर्भ में दूसरे स्थान पर रहा।

## ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

- ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज 8-11 मार्च 2023 को भारत की यात्रा पर रहे। इस दौरान मेहमान पीएम ने निम्न प्रमुख घोषणाओं की जानकारी दी-
- जापान और भारत ने 'ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा योग्यता मान्यता मैकेनिज्म' को अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत दोनों देशों की डिग्रियां एक-दूसरे के यहां मान्य होंगी।
- गांधी नगर, गुजरात में ऑस्ट्रेलिया का डीकिन विश्वविद्यालय अपनी शाखा स्थापित करेगा।
- नवम्बर, 2022 में दोनों देशों के बीच हुए 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स' को जापानी संसद की मंजूरी प्राप्त हो गई है।

## जापान के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

- जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 20 मार्च 2023 को भारत की यात्रा पर रहे। इस दौरान यहां अपने समकक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भारत की जी-20 की अध्यक्षता और जी-7 में जापान की अध्यक्षता के लिए प्राथमिकताओं के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।
- **इंडो पैसिफिक पहल:**-यात्रा के दौरान जापानी पीएम किशिदा ने मुक्त और खुले इंडो पैसिफिक पहल की घोषणा की। इस पहल में शांति बनाए रखना, इंडो-पैसिफिक देशों के सहयोग से नए वैश्विक मुद्दों से निपटना, विभिन्न प्लेटफार्म के जरिए वैश्विक कनेक्टिविटी प्राप्त करना और खुले समुद्र और आसमान की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। इसका मुख्य उद्देश्य पूरे क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव और विस्तारवादी रुख को संतुलित करना है।
- **समझौते:**- दोनों देशों के बीच निम्न समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए गए-
- अहमदाबाद हाई स्पीड रेलवे परियोजना से सम्बन्धित।
- जापानी भाषा में सहयोग ज्ञापन के नवीनीकरण से सम्बन्धित।

## भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइप लाइन

- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा 18 मार्च 2023 को वर्चुअल तरीके से भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन (IBFP) का उद्घाटन किया गया। यह पाइपलाइन भारत और इसके पड़ोसी देशों के बीच दूसरी सीमा पार ऊर्जा पाइपलाइन है, यह हाई-स्पीड डीजल के एक मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (MMTPA) परिवहन की क्षमता रखती है। यह पाइपलाइन दोनों देशों के संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी तथा दोनों पक्षों के बीच कनेक्टिविटी एवं जनसंपर्क बढ़ाने में सहायक होगी। इससे दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ बांग्लादेश में विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में विकास की गति में तेजी आएगी।

## संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग

- भारत को चार वर्ष की अवधि (1 जनवरी 2024 से शुरू) के लिए संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के लिए चुना गया है। आयोग संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद् (ECOSOC) के तहत कार्य करता है। उल्लेखनीय है कि आयोग में भौगोलिक वितरण के आधार पर 24 सदस्य देश शामिल हैं (पांच सदस्य अफ्रीकी देशों से हैं, चार एशिया-प्रशांत देशों से, चार पूर्वी यूरोपीय देशों से, चार लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों से तथा सात सदस्य पश्चिमी यूरोपीय और अन्य राष्ट्रों से हैं)।
- **यह भी जानें:**- संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग, 1947 में स्थापित, वैश्विक सांख्यिकीय प्रणाली का सर्वोच्च निकाय है जो विश्वभर के सदस्य राष्ट्रों के मुख्य सांख्यिकीविदों को एक साथ लाता है। यह अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय गतिविधियों के लिए सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है, जो सांख्यिकीय मानकों को स्थापित करने तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके कार्यान्वयन सहित अवधारणाओं तथा विधियों के विकास के लिए जिम्मेदार है।

## नाटो में शामिल हुआ फिनलैंड

- फिनलैंड ने 4 अप्रेल, 2023 को आधिकारिक तौर पर नाटो की सदस्यता प्राप्त कर ली है। फिनलैंड नाटो का 31वां सदस्य देश है।
- **नाटो:**- उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO) एक राजनीतिक और सैन्य गठबंधन है। इसका गठन वर्ष 1949 में सदस्यों के बीच पारस्परिक रक्षा और सामूहिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ किया गया था। बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका नाटो के 12 संस्थापक सदस्यों में शामिल थे। इसके बाद निम्न 19 देश गठबंधन में शामिल हुए हैं:- ग्रीस एवं तुर्की (1952), जर्मनी (1955), स्पेन (1982), चेक गणराज्य, हंगरी और पोलैंड (1999), बुल्गारिया, एस्टोनिया, लातविया, लिथुआनिया, रोमानिया, स्लोवाकिया एवं स्लोवेनिया (2004), अल्बानिया और क्रोएशिया (2009), मोंटेनेग्रो (2017), उत्तर मैसेडोनिया (2020) तथा फिनलैंड (2023)। नाटो का मुख्यालय बेल्जियम के ब्रूसेल्स में स्थित है।

## भारत-रोमानिया रक्षा समझौता

- भारत और रोमानिया ने मार्च, 2023 में रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग की स्थापना और उसका विस्तार करना है। यह समझौता सैन्य उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन सहित पारस्परिक हित के विषयों पर विशेषज्ञता एवं ज्ञान के आदान-प्रदान के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में भविष्य के सहयोग हेतु कानूनी ढांचा प्रदान करेगा। यह समझौता दोनों देशों के बीच रक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगा तथा रक्षा चिकित्सा, वैज्ञानिक अनुसंधान, साइबर सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास जैसे क्षेत्रों में भारी अवसर प्रदान करेगा।

## संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन 2023

- संयुक्त राष्ट्र की ओर से 22-24 मार्च, 2023 को ने न्यूयॉर्क में अपना पहला जल सम्मेलन आयोजित किया। यह सम्मेलन इंटरनेशनल डिकेड फॉर एक्शन की मध्यावधि समीक्षा के साथ संपन्न हुआ। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि हम सतत् विकास लक्ष्य संख्या 6 को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से प्रतिबद्ध नहीं हैं, जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक सभी के लिये स्वच्छ जल और स्वच्छता प्रदान करना है। 'सतत् विकास के लिए जल 2018-2028' रिपोर्ट के अनुसार, कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए इस पर बल दिया गया है। सम्मेलन की थीम 'अवर वाटरशेड मोमेंट: जल के लिए विश्व को एकजुट करना थी।

## भूटान नरेश की भारत यात्रा

- भूटान नरेश अप्रेल, 2023 में भारत के दौरे पर रहे। यहां

उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय सहयोग एवं राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की। भूटान की परिवर्तन पहल और सुधार प्रक्रिया एवं भूटान की विकास महत्त्वाकांक्षाओं हेतु भारत का समर्थन, विशेष रूप से वर्ष 2024 में शुरू होने वाली 13वीं पंचवर्षीय योजना इस चर्चा का मुख्य विषय था।

**इन मुद्दों पर वार्ता:-**

- संस्थागत क्षमता निर्माण और सुधारों हेतु वित्तीय सहायता पर चर्चा करने के अलावा, भारत भूटान को तीसरी अतिरिक्त स्टैंडबाय क्रेडिट सुविधा देने पर भी सहमत हुआ है।
- भारत सरकार ने चूखा जलविद्युत परियोजना हेतु विद्युत शुल्क बढ़ाने के लिए भूटान की लंबे समय से लंबित मांग पर सहमति व्यक्त की है, जिसका परिचालन वर्ष 1986 में भारत की मदद से शुरू किया था। इसके अलावा भारत ने वर्ष 2008 में ऑस्ट्रियाई समर्थित बसोचू जलविद्युत परियोजना से विद्युत खरीदने के बारे में चर्चा करने के लिए सहमति जताई है।
- दोनों देश पर्यावरण और लागत संबंधी चिंताओं के कारण दशकों से लंबित जलाशय आधारित 2,500 मेगावाट संकोश जलविद्युत परियोजना पर बातचीत में तेजी लाने पर सहमत हुए।

**सेनकाकू द्वीप**

- सेनकाकू द्वीप आठ निर्जन द्वीपों का समूह है जो पूर्वी चीन सागर में स्थित हैं। इनका कुल क्षेत्रफल लगभग 7 वर्ग किलोमीटर है। इस द्वीपसमूह को जापान में सेनकाकू द्वीपसमूह, चीन में दियाओयू द्वीपसमूह और हॉन्गकॉन्ग में तियायुतई द्वीपसमूह के नाम से जाना जाता है। जापान और चीन दोनों इन द्वीपों पर स्वामित्व का दावा करते हैं। वर्तमान में इनपर जापान का नियंत्रण है।
- **चर्चा में क्यों:-** चीन और जापान ने इन विवादित द्वीपों पर समुद्री, हवाई घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए सैन्य हॉटलाइन स्थापित की है।

**कार्बन मुक्त विद्युत उत्पादन**

- सात देशों के समूह (Group of Seven- G7) के जलवायु और ऊर्जा मंत्रियों तथा दूतों ने वर्ष 2035 तक कार्बन मुक्त विद्युत उत्पादन सुनिश्चित करने एवं कोयले की चरणबद्ध समाप्ति/फेज-आउट की दिशा में तेजी लाने हेतु प्रतिबद्धता जताई है। मई 2023 में हिरोशिमा में आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले यह समझौता साप्पोरो, जापान में किया गया था। जी-20 की अध्यक्षता के संदर्भ में भारत को शिखर सम्मेलन में 'अतिथि' के रूप में भी आमंत्रित किया गया था।

**प्रमुख बिंदु:-**

- मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट और आर्थिक समस्याओं को देखते हुए इस समझौते में वर्ष 2050 तक शुद्ध-शून्य ग्रीनहाउस गैस (Greenhouse Gas- GHG) उत्सर्जन हेतु स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाने का आह्वान किया गया है।
- जी-7 देशों ने वर्ष 2030 तक GHG उत्सर्जन को लगभग 43% और वर्ष 2035 तक 60% कम करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।
- IPCC की AR6 रिपोर्ट के अनुसार, जिसमें शताब्दी के अंत तक वैश्विक तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ने से रोकने की आवश्यकता को इंगित किया गया है, प्रतिभागी देशों ने अपतटीय प्लेटफॉर्मों से 1,000 गीगावाट सौर ऊर्जा और 150 गीगावाट पवन ऊर्जा का उत्पादन करने के लिए सौर एवं पवन ऊर्जा क्षेत्र में निवेश में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की।
- इसमें पुष्टि की गई है कि जीवाश्म ईंधन सब्सिडी पेरिस समझौते के लक्ष्यों के साथ असंगत है और वे वर्ष 2025 तक अकुशल जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- **जी- 7:-** सात देशों का समूह (जी-7) एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें सात प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाएं- कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राष्ट्र शामिल हैं। जी-7, मूल रूप से जी-8 (जब इसमें शामिल होने के लिए रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था), को वर्ष 1975 में विश्व की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के नेतृत्त्वकर्त्ताओं के एक अनौपचारिक मंच के रूप में स्थापित किया गया था। इसका प्राथमिक उद्देश्य इसके सदस्य देशों के बीच आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह व्यापार, आर्थिक नीति और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सहित पारस्परिक चिंतनीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

**विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट**

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) ने अप्रैल, 2023 में विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट 2023 जारी की है, जिसमें कहा गया है कि भारत वर्ष 2023 के मध्य तक

विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा और भारत की जनसंख्या चीन से भी अधिक हो जाएगी। विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट प्रतिवर्ष प्रकाशित होती है जो विश्व जनसंख्या और जनसांख्यिकी में विकासात्मक प्रवृत्तियों को शामिल करती है एवं उनका विश्लेषण करती है, साथ ही विशिष्ट क्षेत्रों, देशों और जनसंख्या समूहों तथा उनके समक्ष आने वाली विशिष्ट चुनौतियों पर प्रकाश डालती है।

**मुख्य बिन्दुः-**

- रिपोर्ट के अनुसार जुलाई 2023 तक चीन की 142.57 करोड़ जनसंख्या की तुलना में भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।
- भारत की 25% जनसंख्या 0-14 वर्ष आयु वर्ग में, 18% जनसंख्या 10-19 वर्ष आयु वर्ग में, 26% जनसंख्या 10-24 वर्ष आयु वर्ग में, 68% जनसंख्या 15-64 वर्ष आयु वर्ग में और 7% जनसंख्या 65 वर्ष से ऊपर की आयु की है।
- अपने एशियाई पड़ोसी देश चीन की तुलना में भारत में 29 लाख अधिक लोग होंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका तीसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, जिसकी जनसंख्या 340 मिलियन है।
- **संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) :-** यह संयुक्त राष्ट्र महासभा का एक सहायक अंग है जो इसके यौन तथा प्रजनन स्वास्थ्य एजेंसी के रूप में काम करता है। UNFPA का जनादेश संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद द्वारा स्थापित किया गया है। इसे वर्ष 1967 में ट्रस्ट फंड के रूप में स्थापित किया गया था, इसका परिचालन वर्ष 1969 में शुरू हुआ। इसे वर्ष 1987 में आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष नाम दिया गया, लेकिन इसका संक्षिप्त नाम UNFPA (जनसंख्या गतिविधियों के लिए संयुक्त राष्ट्र कोष) को भी बरकरार रखा गया। UNFPA स्वास्थ्य (SDG3), शिक्षा (SDG4) और लैंगिक समानता (SDG5) पर सतत् विकास लक्ष्यों से निपटने के लिए सीधे काम करता है।

## चर्चित व्यक्ति

### एलेस बियालियात्स्की

- बेलारूस के मानवाधिकार कार्यकर्ता एलेस बियालियात्स्की को स्थानीय अदालत ने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। उन्हें यह सजा लोक व्यवस्था बिगाड़ने वाली परिस्थितियां पैदा करने, वित्त पोषण और तस्करी के मामले में दी गई है। उल्लेखनीय है कि बियालियात्स्की को वर्ष 2022 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### व्लादिमीर पुतिन

- अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और एक अन्य रूसी अधिकारी पर युद्ध अपराधों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह पहली बार है जब ICC ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से एक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। ICC ने यूक्रेन के नियंत्रण वाले क्षेत्रों से बच्चों को रूसी संघ में गैरकानूनी रूप से निर्वासित करने एवं स्थानांतरित करने के कथित युद्ध अपराध के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।
- **अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ( ICC ):-** अधिक न्यायपूर्ण विश्व बनाने की दिशा में 120 देशों द्वारा 17 जुलाई, 1998 को रोम संविधि को अपनाया गया था। रोम संविधि 1 जुलाई, 2002 को लागू हुई और 60 राज्यों के अनुसमर्थन के बाद आधिकारिक तौर पर ICC की स्थापना की गई। वर्तमान में रोम संविधि के पक्षकार देशों की संख्या 123 है। हालांकि भारत, अमेरिका और चीन रोम संविधि के पक्षकार नहीं है। रोम संविधि, चार मुख्य अपराधों पर ICC को अधिकार क्षेत्र प्रदान करती है:- 1. नरसंहार का अपराध, 2. मानवता के विरुद्ध अपराध, 3.युद्ध संबंधी अपराध, 4. आक्रामकता का अपराध। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) देशों और अंतर-राज्यीय विवादों से निपटता है, वहीं ICC व्यक्तियों पर मुकदमा दायर करता है।

## नियुक्ति

### रामचंद्र पौडेल

- राम चन्द्र पौडेल ने 13 मार्च, 2023 को नेपाल के नए राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने इस पद पर विद्यादेवी भंडारी का स्थान लिया है। इस पद हेतु हुए चुनाव में उन्होंने प्रतिद्वंद्वी सुभाष चन्द्र नेम्बवांग को हराया।

### बोला अहमद टीनूबू

- नाइजीरिया की सत्तारूढ़ 'ऑल प्रोग्रेसिव कांग्रेस के बोला अहमद टीनूबू को देश का नया राष्ट्रपति चुना गया है। उन्होंने 29 मई, 2023 को पदभार ग्रहण किया। इस पद हेतु हुए चुनाव में उन्होंने प्रतिद्वंद्वी अतीकू अबूबकर हो हराया।

### मोहम्मद शहाबुद्दीन

- मोहम्मद शहाबुद्दीन ने 24 अप्रेल 2023 को बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्होंने इस पद पर मोहम्मद अब्दुल हामिद का स्थान लिया है।

## पुरस्कार

### एबेल पुरस्कार

- वर्ष 2023 का एबेल पुरस्कार लुइस कैफरेली को प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें गैर-रैखिक आंशिक अंतर समीकरणों के लिए नियमितता सिद्धांत में योगदान के लिए दिया गया है, जिसमें मुक्त-सीमा समस्याएं और मोंगे-एम्पीयर समीकरण शामिल हैं।
- **यह भी जानें:-** एबेल पुरस्कार गणित के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो गणित में अग्रणी वैज्ञानिक उपलब्धियों को मान्यता देता है। इसका नाम नार्वे के गणितज्ञ नील्स हेनरिक एबेल के नाम पर रखा गया है। नार्वेजियन संसद ने वर्ष 2002 में पुरस्कार की स्थापना की। यह नॉर्वे के शिक्षा मंत्रालय की ओर से नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर्स द्वारा प्रदान किया जाता है।

### ऑस्कर पुरस्कार

- वर्ष 2022 में प्रदर्शित फिल्मों के लिए ऑस्कर पुरस्कारों का वितरण 12 मार्च, 2023 को अमेरिका के लॉस एंजेल्स में किया गया। अमेरिका के डेनियल क्वान और डेनियल स्कैनर्ट द्वारा निर्देशित फिल्म 'एवरीथिंग एवरीव्हेयर ऑल एट वन्स' को सात श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए।

**इन्हें मिले पुरस्कार:-**

- **बेस्ट फिल्म** - एवरीथिंग एवरीव्हेयर ऑल एट वन्स
- **बेस्ट डायरेक्शन** - डेनियल क्वान और डेनियल स्कैनर्ट (फिल्म एवरीथिंग एवरीव्हेयर ऑल एट वन्स के लिए)
- **बेस्ट एक्टर** - ब्रेंडन फ्रेजर (फिल्म द व्हेल)
- **बेस्ट एक्ट्रेस** - मिशेल मिओह (फिल्म एवरीथिंग एवरीव्हेयर ऑल एट वन्स के लिए)
- **बेस्ट ऑरिजिनल सॉन्ग** - नाटु-नाटु (फिल्म आरआरआर)
- **बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म** - ऑल क्यूट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट (जर्मनी)
- **बेस्ट डॉक्यूमेंट्रीय शॉर्ट सब्जेक्ट** - द एलीफेंट व्हिपर्स (भारतीय लघु फिल्म)
- **यह भी जानें:-** अकादमी पुरस्कार अथवा ऑस्कर, कैलिफोर्निया स्थित 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं। यह पुरस्कार फिल्म उद्योग में तमाम उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जाता है। अकादमी पुरस्कार पहली बार वर्ष 1929 में प्रदान किए गए थे और विजेताओं को सोने की एक प्रतिमा प्रदान की गई थी, जिसे आमतौर पर 'ऑस्कर' कहा जाता है।

### प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार

- वास्तुकला के क्षेत्र का वर्ष 2023 का प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार सर डेविड एलन चिपरफील्ड को प्रदान किए जाने की घोषणा 9 मार्च, 2023 को की गई है। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 का यह पुरस्कार फ्रांसिस केरे को प्रदान किया गया था। यह पुरस्कार आर्किटेक्चर क्षेत्र में दिया जाने वाला विश्व का सबसे बड़ा पुरस्कार है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 का यह पुरस्कार भारत के बालकृष्ण दोशी को दिया गया था।

### फीफा के वार्षिक पुरस्कार 2022

- फीफा की ओर से वर्ष 2022 के वार्षिक पुरस्कारों का वितरण 27 फरवरी, 2023 को पेरिस में किया गया। पुरुष वर्ग का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का पुरस्कार अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी व महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का पुरस्कार स्पेन की एलेक्सिया पुटेलास को दिया गया।

**पुरस्कार विजेता :-**

- **सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर** - लियोनेल मेसी (अर्जेन्टीना)
- **सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर** - एलेक्सिया पुटेलास (स्पेन)
- **सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच** - लियोनेल स्कोलोनी (अर्जेन्टीना)
- **सर्वश्रेष्ठ महिला कोच** - सरीना विगमैन (इंग्लैंड)
- **सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर**- एमिलियानो मार्टिनेज (अर्जेन्टीना)
- **सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर** - मैरीईर्प्स (इंग्लैंड)
- **सर्वश्रेष्ठ गोल के लिए पुस्कस पुरस्कार** - मार्किन ओलेक्सी (पोलैंड)
- **सर्वश्रेष्ठ फीफा विशेष पुरस्कार** - पेले (ब्राजील)

### सांख्यिकी का अन्तरराष्ट्रीय पुरस्कार

- भारतीय-अमेरिकी गणितज्ञ और सांख्यिकीविद् कल्यामपुड़ी राधाकृष्ण राव को सांख्यिकी में 2023 के अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार को सांख्यिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के समान माना जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक दो वर्ष में पांच प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकी संगठनों के सहयोग से प्रदान किया जाता है। पुरस्कार सांख्यिकी क्षेत्र में एक व्यक्ति या टीम द्वारा

एक बड़ी उपलब्धि, विशेष रूप से शक्तिशाली एवं मूल विचारों की उपलब्धि, को मान्यता प्रदान करता है, जिसने अन्य विषयों में व्यावहारिक अनुप्रयोगों और सफलताओं को जन्म दिया है।

**फेमिना मिस इंडिया-2023**

- फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन 15 अप्रेल 2023 को इम्फाल, मणिपुर में किया गया। इस दौरान कोटा की नंदिनी गुप्ता को 'मिस इंडिया-2023' चुना गया। गत विजेता कर्नाटक की सिनी शेट्टी ने उन्हें ताज पहनाया। नंदिनी अब मिस वर्ल्ड 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

**चर्चित पुस्तकें**

- **मुंडका उपनिषदः द गेटवे टू इटर्निटी** - डॉ कर्ण सिंह
- **वॉर एंड वुमन** - डॉ. एम.ए. हसन
- **एज गुड एज माय वर्ड** - के.एम. चन्द्रशेखर
- **द ग्रेट बैंक रॉबरीः एनपीएस, स्कैम्स एंड द फ्यूचर ऑफ रेगुलेशन** - वी. पट्टाभि राम और सब्यसाची डेश

## प्रमुख दिवस/सप्ताह/वर्ष

**मार्च**

- 1 मार्च - शून्य भेदभाव दिवस, विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस
- 3 मार्च - विश्व वन्यजीव दिवस
- 4 मार्च - राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस
- 1-7 मार्च - जन औषधि सप्ताह
- 8 मार्च - विश्व महिला दिवस
- 15 मार्च - विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस
- 20 मार्च - अन्तरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस
- 21 मार्च - अन्तरराष्ट्रीय नस्लीय भेदभाव उन्मूलन दिवस, अन्तरराष्ट्रीय वन दिवस
- 22 मार्च - विश्व जल दिवस
- 23 मार्च - विश्व मौसम विज्ञान दिवस/शहीद दिवस
- 24 मार्च - विश्व क्षय रोग उन्मूलन दिवस
- 27 मार्च - अन्तरराष्ट्रीय रंगमंच दिवस
- 30 मार्च - अर्थ ऑवर, राजस्थान दिवस

**अप्रेल**

- 3 अप्रेल - हिन्दी रंगमंच दिवस
- 4 अप्रेल - अंतरराष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस
- 5 अप्रेल - राष्ट्र नौवहन दिवस
- 7 अप्रेल - विश्व स्वास्थ्य दिवस
- 11 अप्रेल - राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस
- 14 अप्रेल - अग्निशमन सेवा दिवस
- 17 अप्रेल - विश्व हीमोफीलिया दिवस
- 18 अप्रेल - विश्व विरासत दिवस
- 22 अप्रेल - विश्व पृथ्वी दिवस
- 23 अप्रेल - विश्व पुस्तक दिवस
- 24 अप्रेल - राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस
- 25 अप्रेल - विश्व मलेरिया दिवस
- 26 अप्रेल - विश्व बौद्धिक संपदा दिवस

❑❑❑

# राष्ट्रीय घटनाक्रम

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम

- केन्द्र सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक पांच वर्षों के दौरान 1037.90 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ कार्यान्वयन हेतु 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' (New India Literacy Programme- NILP) शुरू किया है। यह योजना मुख्य रूप से शिक्षण और सीखने के लिए स्वयंसेवा पर आधारित है और स्वयंसेवक मोबाइल एप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। 15 वर्ष से अधिक आयु के सभी निरक्षर इस योजना का लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।
- इस योजना के निम्न पांच घटक हैं:-
  - मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान
  - महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल
  - व्यावसायिक कौशल विकास
  - बुनियादी शिक्षा
  - शिक्षा जारी रखना

## पीएम स्वनिधि

- आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने अप्रेल 2023 में 'पीएम स्वनिधि योजना' से संबंधित आंकड़े जारी किए, जिसका उद्देश्य महामारी से प्रेरित आर्थिक तनाव को कम करने के लिए स्ट्रीट वेंडर्स को माइक्रो-क्रेडिट सहायता प्रदान करना है। आंकड़ों के अनुसार योजना के तहत वितरित किए गए कुल 42.7 लाख ऋणों में से अल्पसंख्यक समुदायों के स्ट्रीट वेंडर्स (केवल 9.3%) को केवल 5,152.37 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त अल्पसंख्यक स्ट्रीट वेंडर्स को दिए गए ऋण की हिस्सेदारी वर्ष 2020-21 में 10.23% से घटकर वर्ष 2022-23 में 7.76% के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गई है। उत्तर प्रदेश ने सबसे अधिक ऋण वितरित किए हैं और सिक्किम ने केवल एक ऋण वितरित किया है।

## जीवाश्म ईंधन क्षमता लक्ष्य

- भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 से शुरू होने वाले अगले पांच वर्षों के लिए वार्षिक 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हेतु बोली आमंत्रित करने की योजना की घोषणा की है, जिसमें प्रत्येक वर्ष कम-से-कम 10 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता की स्थापना शामिल होगी। इस योजना का उद्देश्य वर्ष 2030 तक परमाणु सहित गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावाट की स्थापित विद्युत क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उल्लेखनीय है कि भारत में वर्तमान में 168.96 गीगावाट की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है, जिसमें लगभग 82 गीगावाट कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है और लगभग 41 गीगावाट निविदा चरण में है।

## त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में विधानसभा चुनाव

- पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव हेतु फरवरी 2023 में हुए मतदान के बाद 2 मार्च को मतगणना सम्पन्न हुई। तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन में सरकार बनी।

**त्रिपुरा:-**

- कुल सीट - 60
- परिणाम - भाजपा 32, टीएमपी 13, सीपीएम 11, आईपीएफटी 01, कांग्रेस 3
- भारतीय जनता पार्टी के डॉ. माणिक साहा दोबारा मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल सत्यदेव नारायण ने 8 मार्च को उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**मेघालय:-**

- कुल सीट - 60 (59 पर मतदान, 01 पर प्रत्याशी के निधन से स्थगित)
- परिणाम - एनपीईपी 26, यूडीपी 11, तृणमूल कांग्रेस 05, कांग्रेस 05, भाजपा 02, अन्य 10
- नेशनल पीपुल्स पार्टी के कोनराड संगमा मुख्यमंत्री बने हैं।

**नगालैंड:-**

- कुल सीट - 60 (59 पर मतदान, 01 पर निर्विरोध)
- परिणाम - एनडीपीपी 25, भाजपा 12, एनसीपी 7, एनपीईपी 5, अन्य 11
- एनडीपीपी (नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी) के नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री बने हैं।

### स्टैंड-अप इंडिया योजना

- आर्थिक सशक्तीकरण और रोजगार सृजन को केंद्र में रखते हुए जमीनी स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 5 अप्रैल 2016 को वित्त मंत्रालय द्वारा स्टैंड अप इंडिया योजना शुरू की गई थी। इस योजना को वर्ष 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

**योजना के उद्देश्य:-**

- महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणी में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना।
- विनिर्माण, सेवाओं या व्यापार क्षेत्र एवं कृषि से संबद्ध गतिविधियों में ग्रीनफील्ड उद्यमों हेतु ऋण प्रदान करना।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की प्रति बैंक शाखा में कम-से-कम एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उधारकर्त्ता एवं कम-से-कम एक महिला उधारकर्त्ता को रु. 10 लाख से रु. 100 लाख के बीच बैंक ऋण की सुविधा प्रदान करना।

- **उपलब्धियां:-** स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत पिछले 7 वर्षों में 180,636 खातों में 40,710 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना के तहत 80% से अधिक ऋण महिलाओं को प्रदान किए गए हैं।

### सुखोई-3 MKI में राष्ट्रपति की उड़ान

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन से सुखोई-30 MKI लड़ाकू विमान में 30 मिनट की उड़ान भरी। वह इस तरह की उड़ान भरने वाली तीसरी राष्ट्रपति और दूसरी महिला राष्ट्रपति (पहली- पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल) हैं।
- सुखोई-30 MKI रूस के सुखोई द्वारा विकसित और भारत के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा लाइसेंस प्राप्त एक मल्टीरोल लड़ाकू विमान है। यह भारतीय वायु सेना में सबसे उन्नत फाइटर जेट्स में से एक है, इसका उपयोग हवाई श्रेष्ठता, हवा से जमीन पर हमले और हवा-से-हवा में ईंधन भरने के लिए किया जाता है।

### आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा

- भारत निर्वाचन आयोग ने आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी है। निर्वाचन आयोग का यह निर्णय वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव और वर्ष 2014 के बाद हुए 21 राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टियों के प्रदर्शन की समीक्षा के आधार पर लिया गया।
- **कुल 6 राष्ट्रीय पार्टी:-** भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी- मार्क्सवादी, नेशनल पीपुल्स पार्टी और आम आदमी पार्टी।
- **इनसे छिना राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा:-** तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी।

### राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2021-22

- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा अप्रैल 2023 में 'राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक (SEEI) 2021-22' जारी किया गया है। यह सूचकांक एलायंस फॉर एन एनर्जी-एफिशिएंट इकोनॉमी (AEEE) के सहयोग से ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (विद्युत मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय) द्वारा विकसित किया गया है। इसके द्वारा ऊर्जा दक्षता में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की वार्षिक प्रगति का आकलन किया जाता है। ऊर्जा दक्षता कार्यान्वयन में राज्यों की प्रगति और उपलब्धियों के आधार पर उन्हें चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:- फ्रंट रनर, अचीवर, कंटेंडर और एस्पिरेंट।
- **फ्रंट रनर श्रेणी (60 अंक से ज्यादा):-** कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, असम और चंडीगढ़।
- **अचीवर श्रेणी (50-60 अंक):-** असम, हरियाणा, महाराष्ट्र और पंजाब।

### प्राकृतिक खेती हेतु राष्ट्रीय मिशन

- भारत सरकार ने रसायन मुक्त और जलवायु-स्मार्ट कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक खेती हेतु राष्ट्रीय मिशन (NMNF) शुरू किया है। NMNF 15,000 क्लस्टर विकसित करके 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को आवृत्त करेगा। अपने खेत में प्राकृतिक खेती शुरू करने के इच्छुक किसानों को क्लस्टर सदस्यों के रूप में पंजीकृत किया जाएगा, प्रत्येक क्लस्टर में 50 हेक्टेयर भूमि के साथ 50 या उससे अधिक किसान शामिल होंगे। इसके अलावा प्रत्येक क्लस्टर एक गांव भी हो सकता है या एक ही ग्राम पंचायत के तहत आने वाले 2-3 आस-पास के गांवों को शामिल कर सकता है।

- **प्राकृतिक खेती:-** प्राकृतिक खेती स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों पर आधारित एक रसायन मुक्त कृषि पद्धति है। यह पारंपरिक स्वदेशी तरीकों को प्रोत्साहित करती है जो उत्पादकों को बाहरी आदानों पर निर्भर रहने से मुक्त करते हैं। प्राकृतिक खेती का प्रमुख ध्यान बायोमास मल्चिंग के साथ ऑन-फार्म बायोमास रीसाइक्लिंग, ऑन-फार्म देसी गाय के गोबर एवं मूत्र का उपयोग, विविधता के माध्यम से कीटों का प्रबंधन, ऑन-फार्म वनस्पति मिश्रण एवं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सभी सिंथेटिक रासायनिक आदानों का बहिष्करण है।

## द लैंग्वेज फ्रेंडशिप ब्रिज: ICCR

- भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिज़द (ICCR) ने 'द लैंग्वेज फ्रेंडशिप ब्रिज' नामक एक परियोजना की परिकल्पना की है, जिसका उद्‌देश्य उन पड़ोस में सांस्कृतिक पदचिह्न का विस्तार करना है जिनके साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध हैं। इस परियोजना का उद्‌देश्य भारत को अपने महाकाव्यों और शास्त्रीय के साथ-साथ समकालीन साहित्य का इन भाषाओं में अनुवाद करने में सक्षम बनाना है ताकि दोनों देशों के लोग उन्हें पढ़ सकें।
- यह परियोजना म्यांमार, श्रीलंका, उज्बेकिस्तान और इंडोनेशिया जैसे देशों में बोली जाने वाली भाषाओं में विशेषज्ञों का एक पूल तैयार करेगी ताकि बेहतर लोगों से लोगों के आदान-प्रदान की सुविधा मिल सके। यह इनमें से प्रत्येक देश की आधिकारिक भाषाओं में पांच से 10 लोगों को प्रशिक्षित करेगा। अब तक ICCR ने 10 भाषाओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें कजाख, उज्बेक, भूटानी, घोटी (तिब्बत में बोली जाने वाली), बर्मी, खमेर (कंबोडिया में बोली जाने वाली), थाई, सिंहली और बहासा (इंडोनेशिया और मलेशिया दोनों में बोली जाने वाली) भाषाएं शामिल हैं। यह परियोजना भारत की विदेश नीति और सांस्कृतिक कूटनीति के लिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह इन देशों के साथ भारत के सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने में मदद करेगी।

## असम और अरुणाचल सीमा विवाद का समाधान

- असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच वर्ष 1972 से चले आ रहे सीमा विवाद का अप्रेल 2023 में स्थायी समाधान हो गया है। ज्ञात हो कि असम और अरुणाचल प्रदेश 804 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं।

### समझौते के प्रमुख बिंदु:-

- समझौते से ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, जनसांख्यिकीय प्रोफाइल, प्रशासनिक सुविधा, सीमा की निकटता और निवासियों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए दोनों राज्यों के बीच 700 किलोमीटर से अधिक की सीमा को कवर करने वाले 123 गांवों से संबंधित विवाद का समाधान होने की उम्मीद है।
- यह अंतिम समझौता होगा जिसके अंतर्गत कोई भी राज्य भविष्य में किसी भी क्षेत्र या गांव से संबंधित कोई नया दावा नहीं करेगा
- समझौते के बाद सीमाओं का निर्धारण करने के लिए दोनों राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा एक विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय क्वांटम मिशन

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अप्रेल 2023 में क्वांटम प्रौद्योगिकी में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान और विकास में सहायता के लिए राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) को मंजूरी दी है। इसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा लागू किया जाएगा। वर्ष 2023-2031 के लिए नियोजित मिशन का उद्देश्य वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास का बीजारोपण, पोषण और पैमाना है तथा क्वांटम प्रौद्योगिकी (Quantum Technology& QT) में एक जीवंत और अभिनव पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। इस मिशन के लॉन्च के साथ ही भारत अमेरिका, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्रांस, कनाडा और चीन के बाद समर्पित क्वांटम मिशन वाला सातवां देश बन जाएगा।

### NQM की मुख्य विशेषताए:-

- यह 5 वर्षों में 50-100 भौतिक क्यूबिट्स और 8 वर्षों में 50-1000 भौतिक क्यूबिट्स के साथ मध्यवर्ती पैमाने के क्वांटम कंप्यूटर विकसित करने का लक्ष्य रखेगा।
- 'क्यूबिट्स' या 'क्वांटम बिट्स' क्वांटम कंप्यूटरों द्वारा उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया की इकाइयां हैं, जैसे कि बिट्स (1 और 0) बुनियादी इकाइयां हैं जिनके द्वारा कंप्यूटर सूचना को संसाधित करते हैं।
- मिशन सटीक समय (परमाणु घड़ियों), संचार और नेविगेशन हेतु उच्च संवेदनशीलता वाले मैग्नेटोमीटर विकसित करने में मदद करेगा।

### ऑपरेशन कावेरी

- सूडान में सेना और प्रतिद्वंद्वी अर्द्धसैनिक बल के बीच हिंसा के चलते वहां फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए भारत ने 'ऑपरेशन कावेरी' शुरू किया।

### भारत द्वारा चलाए गए निकासी अभियान:-

- ऑपरेशन गंगा (2022):-यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए।
- ऑपरेशन देवी शक्ति (2021):- काबुल पर तालिबानी कब्जे के दौरान नागरिकों और अफगान भागीदारों को निकालने के लिए।
- वंदे भारत (2020):- कोरोना वायरस के कारण वैश्विक यात्रा पर प्रतिबंध होने के कारण विदेश में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए।
- ऑपरेशन समुद्र सेतु (2020):- कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय नागरिकों को विदेशों से घर वापस लाने के लिए नौसैनिक अभियान।
- ऑपरेशन राहत (2015):-यमन सरकार और हौथी विद्रोहियों के बीच संघर्ष के दौरान भारत ने यमन से लगभग 5,600 लोगों को निकाला।
- ऑपरेष्ठान सुरक्षित घर वापसी (2011):- संघर्षग्रस्त लीबिया में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए।
- ऑपरेशन सुकून (2006):- इजरायल और लेबनान में सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय नागरिकों को लाने हेतु।
- कुवैत एयरलिफ्ट (1990):- इराक और कुवैत संघर्ष के दौरान कुवैत में फंसे 1,70,000 से अधिक भारतीयों को एयरलिफ्ट किया गया।

## चर्चित स्थान

### सिद्धारूढ़ स्वामी जी हुबली रेलवे स्टेशन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मार्च 2023 को विश्व के सबसे लम्बे स्टेशन 'सिद्धारूढ़ स्वामी जी हुबली रेलवे स्टेशन' का लोकार्पण किया। इस स्टेशन के एक प्लेटफॉर्म की लबाई 1507 मीटर है। इसे गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में विश्व के सबसे लम्बे स्टेशन के रूप में दर्ज किया गया है।

## चर्चित व्यक्ति

### ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी

- ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी का चयन पश्चिमी क्षेत्र (पाकिस्तान का सामना करने वाली) में एक फ्रंटलाइन लड़ाकू इकाई की कमान संभालने के लिए किया गया है। वह पश्चिमी क्षेत्र में मिसाइल स्क्वाड्रन की कमान संभालने वाली भारतीय वायु सेना की पहली महिला अधिकारी होंगी।

## नियुक्तियां

### एस.एस.दुबे

- भारतीय सिविल लेखा सेवा के अधिकारी एस.एस.दुबे ने 6 मार्च, 2023 को महालेखा परीक्षक (सीजीए) का पदभार ग्रहण किया। दुबे वित्त मंत्रालय के तहत 28वें सीजीए हैं।

### अरुण सिन्हा

- केन्द्र सरकार ने आईपीएस अरुण सिन्हा को राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (NTRO) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे अभी तक इस संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष के तौर पर कार्यरत थे।
- **NTRO**:- यह एक तकनीकी खुफिया एजेंसी है जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के अधीन काम करती है तथा अपनी रिपोर्ट पीएमओ को देती है। इसकी स्थापना वर्ष 2004 में की गई थी तथा मुख्यालय नई दिल्ली में है।

## पुरस्कार

### सरस्वती सम्मान

- वर्ष 2022 का सरस्वती सम्मान तमिल भाषा की लेखिका सिवाशंकरी को दिया जाएगा। के.के. बिड़ला फाउंडेशन की ओर से साहित्य क्षेत्र के इस सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा मार्च 2023 में की गई। सिवाशंकरी को यह पुरस्कार उनकी कृति 'सूर्यवंशम्' के लिए दिया जाएगा।
- **यह भी जानें**:- वर्ष 1991 में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा स्थापित इस पुरस्कार के तहत पिछले 10 वर्षों में किसी भी भारतीय भाषा में प्रकाशित उत्कृष्ट साहित्यिक रचना को सम्मानित किया जाता है। इसके तहत विजेता को 10 लाख रुपए की नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। फाउंडेशन द्वारा स्थापित दो अन्य पुरस्कारों में हिंदी लेखकों के लिए व्यास सम्मान और राजस्थान के लेखकों के लिए बिहारी सम्मान शामिल है।

### व्यास सम्मान

- वर्ष 2022 का व्यास सम्मान हिन्दी साहित्य के विख्यात लेखक डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी को दिया जाएगा। के.के. बिड़ला फाउंडेशन की ओर से दिए जाने वाले इस पुरस्कार की

घोषणा मार्च 2023 में की गई। डॉ. चतुर्वेदी को यह पुरस्कार उनके उपन्यास 'पागलखाना' के लिए दिया जाएगा।

- **यह भी जानें :-** यह पुरस्कार के.के. बिरला फाउंडेशन की ओर से 10 वर्ष की अवधि में प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ हिंदी की साहित्यिक कृति को दिया जाता है। इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1991 में की गई थी तथा इसमें 4 लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र और एक प्रतीक चिह्न प्रदान किया जाता है।

**पोर्टर पुरस्कार**

- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को पोर्टर पुरस्कार 2023 प्रदान किया गया है। इसने कोविड-19 के प्रबंधन में सरकार की रणनीति, दृष्टिकोण और विभिन्न हितधारकों की भागीदारी, विशेष रूप से मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं (आशा) की भागीदारी को मान्यता दी। वैक्सीन के विकास तथा निर्माण में देश के योगदान की भी सराहना की गई। भारत द्वारा वैक्सीन की 2.5 अरब से अधिक खुराक वितरित की गई।

❑❑❑

One And Only Institute Which Provides
Separate English Medium Batches
RAS
Foundation/Pre GOLD
Offline & Live From Classroom
- Classes By Best Experts
- Printed Notes
- Limited Size Of Batch
- Personal Mentorship
☑ Online Course Free With Offline Batch



# राजस्थान घटनाक्रम

## राजस्थान साहित्य उत्सव

- विभिन्न प्रकार की साहित्यिक, विरासत और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए तीन दिवसीय राजस्थान साहित्य महोत्सव का आयोजन 25-27 मार्च, 2023 को जोधपुर में किया गया। इस दौरान निम्न सात साहित्यकारों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए-

  **राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर द्वारा -**
  - अखिल भारतीय माघ पुरस्कार - एसो. प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा
  - अम्बिकादत्त व्यास पुरस्कार - प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़

  **राजस्थान उर्दू अकादमी, जयपुर द्वारा -**
  - प्रो.महमूद शिरानी अवॉर्ड - डॉ.अशरद अब्दुल हमीद (टोंक)
  - अख्तर शिनानी अवॉर्ड -आदिल रजा मन्सूरी (जयपुर)

  **पं.जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी, जयपुर द्वारा -**
  - बाल साहित्य मनीषी अवॉर्ड - डॉ. दिविक रमेश (दिल्ली)
  - डॉ. प्रबोध कुमार गोविल (जयपुर)
  - चांद मोहम्मद घोसी (मेड़ता)

## राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो

- राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो का आयोजन 20-22 मार्च, 2023 को बोरानाड़ा, जोधपुर में किया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद निम्न घोषणाएं की-
  - यह एक्सपो हर वर्ष जोधपुर में आयोजित होगा। इसके लिए बोरानाड़ा में स्थायी संरचना का निर्माण होगा।
  - जोधपुर में हस्तशिल्प निदेशालय खोला जाएगा।
  - क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाएगा।

## राजीव गांधी नॉलेज सर्विस एंड इनोवेशन हब

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 20 मार्च को आईटी डे के अवसर पर जोधपुर में 200 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाले 'राजीव गांधी नॉलेज सर्विस एंड इनोवेशन हब' का वर्चुअल रूप से शिलान्यास किया। यह संस्थान स्टार्टअप्स और सर्विस प्रोफेशनल्स को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ नवोन्मेषी विचारों को धरातल पर उतारने के लिए आधारभूत ढांचा प्रदान करेगा।
- **मुख्यमंत्री आश्रित सेवा योजना :-** इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'मुख्यमंत्री आश्रित सेवा योजना' का शुभारंभ भी किया। इस योजना के तहत आने-जाने में असमर्थ लाभार्थियों को चिह्नित कर उनके पास सेवा प्रदायक को भेजकर सरकार सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## दुग्ध व ऊन उत्पादन में राजस्थान शीर्ष पर

- केन्द्रीय पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने 15 मार्च 2023 को 'बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2022' जारी की। इसके अनुसार राजस्थान दुग्ध व ऊन उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 15.5 प्रतिशत व ऊन उत्पादन का 45.91 प्रतिशत उत्पादन राजस्थान में होता है।
- **पांच शीर्ष दुग्ध उत्पादक राज्य** - राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, आन्ध्र प्रदेश
- **पांच शीर्ष ऊन उत्पादक राज्य** - राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश

## राजीव गांधी जल संचल योजना

- प्रदेश में 'राजीव गांधी जल संचय योजना' के द्वितीय चरण का शुभारंभ 22 मार्च, 2023 को किया गया। योजना के इस चरण में राज्य के 33 जिलों की 349 पंचायत समितियों में 2600 करोड़ रुपए से 4600 गांवों में जल संग्रहण एवं संरक्षण के दो लाख कार्य किए जाएंगे।

## 19 नए जिले व 3 नए संभाग बनाने की घोषणा

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में 19 नए जिले और 3 नए संभाग मुख्यालय के गठन की घोषणा 17 मार्च 2023 को की। इसके बाद जिलों की संख्या बढ़कर 50 व संभाग की संख्या 10 हो जाएगी।

- **घोषित नए जिले**- अनूपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, दूदू, गंगापुरसिटी, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम, केकड़ी, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल, नीम का थाना, फलौदी, सलूम्बर, सांचौर एवं शाहपुरा।
- **घोषित नए संभाग**- बांसवाड़ा, पाली एवं सीकर।
- **यह भी जानें**:- नए जिलों की संभावनाओं पर सुझाव देने हेतु 21 मार्च, 2022 को सेवानिवृत्त आईएएस रामलुभाया की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। 11 मार्च, 2023 को इस समिति का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया गया है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में बढ़ोतरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सामाजिक सुरक्षा के तहत दी जाने वाली मासिक पेंशन राशि में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मार्च 2023 में मंजूरी दी है। वृद्धावस्था, एकल नारी, विशेष योग्यजन, लघु एवं सीमान्त कृषक पेंशन के पात्र आवेदकों को देय 500-750 रुपए प्रतिमाह पेंशन के स्थान पर अब मई, 2023 से न्यूनतम एक हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगी।

### बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय

- दिव्यांगजनों के उच्च शिक्षण एवं अनुसंधान के लिए जामडोली, जयपुर में बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। 20 मार्च, 2023 को राज्य विधानसभा में 'बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर विधेयक-2023' पारित किया गया।

### डॉ. सविता बेन अम्बेडकर योजना

- वित्त वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा के अनुक्रम में मुख्यमंत्री ने 'डॉ. सविता बेन अम्बेडकर योजना' के अन्तर्गत अन्तरजातीय विवाह पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना के तहत अब 5 लाख रुपए के स्थान पर 10 लाख रुपए की राशि मिलेगी, जिसमें से 5 लाख रुपए संयुक्त बैंक खाते में जमा होंगे व 5 लाख रुपए की 8 वर्ष के लिए एफडी होगी।

### मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक भाषा दक्षता एवं सम्प्रेषण कौशल विकास योजना

- अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं में भाषा दक्षता एवं सम्प्रेषण कौशल विकास हेतु राज्य सरकार ने 20 मार्च, 2023 को 'मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक भाषा दक्षता एवं सम्प्रेषण कौशल विकास योजना' का शुभारम्भ किया। योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को अंग्रेजी के साथ फ्रैंच, जर्मन, अरबी, स्पेनिश, फारसी व अन्य विदेशी भाषाओं को पढ़ने व बोलने का कौशल विकसित कर रोजगार प्राप्ति में सहयोग प्रदान करना है।

### श्री गुरुनानक देव सिक्ख कल्याण बोर्ड

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 14 अप्रेल 2023 को प्रदेश में श्री गुरुनानक देव सिक्ख कल्याण बोर्ड के गठन को मंजूरी प्रदान की है। यह बोर्ड सिक्ख समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उन्नयन के लिए योजनाएं प्रस्तावित करने और रोजगार को बढ़ावा देने पर सुझाव देगा। इस बोर्ड में कुल सात मनोनीत सदस्य होंगे, जिनमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं 5 सदस्या शामिल हैं।

### पीएम फसल बीमा योजना में प्रदेश को पुरस्कार

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर दो पुरस्कार प्राप्त हुए है। राजस्थान को डीजी क्लेम के माध्यम से क्लेम वितरण का उत्कृष्ट कार्य करने पर देश में प्रथम एवं लम्बित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### महंगाई राहत शिविर

- प्रदेशभर में 24 अप्रेल 2023 से महंगाई राहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर 30 जून तक चलेंगे। इन शिविरों में राज्य सरकार की निम्न 10 बड़ी योजनाओं का लाभ आमजन को उपलब्ध कराया जा रहा है-

1. मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजना
2. निःशुल्क बिजली योजना (घरेलू उपभोक्ता को 100 यूनिट प्रतिमाह)
3. निःशुल्क बिजली योजना (कृषि उपभोक्ता को 2000 यूनिट प्रतिमाह)
4. अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना
5. नरेगा
6. इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना
7. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना
8. मुख्यमंत्री कामधेनु योजना
9. चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
10. मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना

## पुरस्कार

### स्कॉच अवॉर्ड

- राजस्थान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

**पुरस्कृत योजनाएं:-**

- पालनहार योजना – गोल्ड अवॉर्ड
- उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना – सिल्वर अवॉर्ड
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना – सिल्वर अवॉर्ड

### राजस्थान साहित्य अकादमी पुरस्कार

- राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर की ओर से 24 मार्च 2023 को वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की गई।

**विभिन्न श्रेणियों में घोषित पुरस्कार:-**

- मीरा पुरस्कार – रति सक्सैना (तिरुवनन्तपुरम), मूल निवासी जयपुर को उनकी कृति 'हंसी एक प्रार्थना' के लिए
- जनार्दन राय नागर सम्मान – डॉ चन्द्र प्रकाश देवल (अजमेर)
- रांगेय राघव पुरस्कार – भरत चन्द्र शर्मा (बांसवाड़ा)
- सुधीन्द्र पुरस्कार – कवि मायामृग (जयपुर)
- देवीलाल सामर पुरस्कार – अजय अनुरागी (जयपुर)
- देवराज उपाध्याय पुरस्कार – राजाराम भादू (भरतपुर)
- कन्हैयालाल सहल पुरस्कार – यश गोयल (जयपुर)
- शंभूदयाल सक्सैन पुरस्कार – कुसुम अग्रवाल (कांकरोली)
- सुमनेश जोशी पुरस्कार – तराना परवीन (उदयपुर)

❑❑❑





# राजस्थान सुजस सार ( मार्च-अप्रैल: 2023 )

**मिशन मोड पर हो रहे आमजन के काम**

- **महंगाई राहत कैम्पः**- राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में 24 अप्रेल से 30 जून 2023 तक महंगाई राहत कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें आमजन और वंचित वर्ग को जनोपयोगी घोषणाओं के बारे में जानकारी देकर पात्रता अनुसार योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। 24 अप्रेल को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के सांगानेर की ग्राम पंचायत महापुरा में महंगाई राहत कैम्प का शुभारंभ किया। प्रदेश में 2000 विभिन्न स्थानों पर ये शिविर लगाए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित 10 जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए कैम्पों में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है।
- **राहत कैंप में शामिल प्रमुख योजनाएंः**- मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजना, निःशुल्क बिजली योजना (घरेलू उपभोक्ता को 100 यूनिट प्रतिमाह) निःशुल्क बिजली योजना (कृषि उपभोक्ता को 2000 यूनिट प्रतिमाह) अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, नरेगा, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कामधेनु योजना, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना।
- **मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजनाः**- राज्य सरकार ने वर्ष 2023-24 के बजट में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़े परिवारों के लिए इस वर्ष 'मुख्यंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना' लागू की है। इन परिवारों को माह के राशन के साथ ही यह पैकेट दिया जाएगा। पैकेट में 1 किलो दाल, 1 किलो चीनी, 1 किलो नमक, 100 ग्राम मिर्च पाउडर, 100 ग्राम धनिया पाउडर 50 ग्राम हल्दी पाउडर और 1 लीटर खाद्य तेल दिया जाएगा। योजना की प्रारंभ तिथि 25 मई, 2023 तथा लाभ प्रारंभ की तिथि 25 मई 2023 है।
- **मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनाः**-योजना के तहत स्थायी रूप से मनरेगा में सौ दिन का का पूरा करने वाली सभी लाभार्थियों को राज्य सरकार की ओर से 25 दिन का एवं सहरिया, कथौड़ी एव विशेष योग्यजनों को 100 दिन का अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।
- **इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजनाः**- राज्य की नगरीय सीमा में रहने वाले परिवारों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय और बेरोजगार परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए 'इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना 9 सितम्बर, 2022 को शुरू की गई, जिसमें लाभार्थियों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। 1 अप्रेल 2023 से 100 दिनों के स्थान पर 125 दिन के गारंटीशुदा रोजगार का लाभ दिया जाएगा।
- **सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाः**- राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री लघु एवं सीमान्त किसान कृषक सम्मान पेंशन योजना संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के कुल लाभार्थियों की संख्या 93.90 लाख है। राज्य सरकार ने बजट 2023-24 में 75 वर्ष तक की उम्र के सभी पेंशनर्स की पेंशन बढ़ाकर कम से कम एक हजार रुपए कर दी है। पेंशन योजनाओं में मिलने वाली पेंशन राशि में प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी।
- **मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजनाः**- राज्य सरकार ने कृषि उपभोक्ताओं के लिए मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना शुरू की है। इसमें किसानों को 2000 यूनिट बिजली प्रतिमाह तक उपभोग पर निःशुल्क देय होगी। इस योजना से लगभग 11 लाख किसानों का बिजली बिल शून्य हो जाएगा। योजना की प्रारंभ तिथि 1 मई, 2023 तथा लाभ प्रारंभ की तिथि 1 जून 2023 है।
- **मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजनाः**- राज्य सरकार द्वारा अप्रेल, 2022 में मुख्यमंत्री घरेलू विद्युत अनुदान योजना की शुरुआत की। इसके तहत 50 यूनिट फ्री दी जा रही थी। अब वर्ष 2023-24 के बजट में मुख्यमंत्री ने घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक उपभोग करने पर बिजली फ्री कर दी है। योजना की प्रारंभ तिथि 1 मई, 2023 तथा लाभ प्रारंभ की तिथि 1 जून 2023 है।

- **मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजनाः-** बजट 2023-24 में पशुपालकों को दुधारू गौवंशीय पशुधन की अकाल मृत्यु के कारण संभावित नुकसान से सुरक्षा देने के लिए 'मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना' की घोषणा की गई। इस योजना में अधिकतम दो दुधारू गौवंशीय पशुओं का प्रति पशु 40 हजार रुपए का बीमा किया जाएगा।
- **मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजनाः-**मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थी परिवारों को दी जाने वाली सहायता राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दी गई है।
- **मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजनाः-** राज्य सरकार ने 1 मई, 2021 से मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की थी। 1 मई 2022 से बीमा कवरेज को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया गया। अब बजट 2023-24 में इसे बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया है।
- **मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजनाः-**बजट वर्ष 2023-24 में की गई मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजना के तहत प्रध नमंत्री उज्ज्वला योजना के रजिस्टर्ड और बीपीएल श्रेणी के करीब 76 लाख उपभोक्ताओं को 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का शुभारंभ 1 अप्रेल 2023 से हुई।

### राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 17 अप्रेल 2023 को जयपुर के झालाना में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण किया। इस सेंटर में राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक, व्यापारिक, अकादमिक कार्यक्रमों सहित बैठक-सम्मेलनों का आयोजन किया जा सकेगा।

### राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलम्पिक

- प्रदेश में 23 जून 2023 से राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस खेलों के आयोजन पर लगभग 130 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### विशेष योग्यजन से विवाह पर पांच लाख रुपए

- प्रदेश में विशेष योग्यजन से विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के तहत 5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में इस राशि को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए किया है।

### जोधपुर में होगी सूचना आयोग की बेंच

- जोधपुर में सूचना आयोग की बेंच स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बेंच की स्थापना का अनुमोदन किया है। आयोग की बेंच के लिए 12 नवीन पदों का सृजन भी किया गया है।

### पीपलखूंट हाईलेवल कैनाल

- पीपलखूंद हाईलेवल कैनाल प्रतापगढ़ जिले में है, जिसके निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने हाल ही में 2000 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। इस योजना से जिले के 5000 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचित किया जा सकेगा। इस कैनाल का निर्माण माही बेसिन के अधिशेष जल से किया जाएगा।

### जयपुर में बिहेवियरल लैब

- जयपुर स्थित हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में बिहेवियरल लैब की स्थापना की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री ने 1.22 करोड रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। देश में अत्याधुनिक तकनीक से बनाई जा रही यह पहली बिहेवियरल लैब होगी।

### गुड़ामलानी में क्षेत्रीय बाजारा अनुसंधान स्टेशन

- बाड़मेर जिले के गुड़ामलानी में भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के क्षेत्रीय बाजारा अनुसंधान स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

### सामूहिक विवाह योजना में बढ़ाया अनुदान

- राज्य सरकार ने सामूहिक विवाह सम्मेलनों को प्रोत्साहित करने के लिए अनुदान राशि में बढ़ोतरी की है। अब सामूहिक विवाह योज ना के अन्तर्गत प्रति जोड़ा 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसमें 21 हजार रुपए नववधू और 4 हजार रुपए संस्था को मिलेंगे। यह राशि 1 अप्रेल 2023 से सम्पन्न सामूहिक विवाह सम्मेलनों को देय होगी।

### पालनहार योजना की राशि में बढ़ोतरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पालनहार योजना के अन्तर्गत अनाथ श्रेणी के अतिरिक्त अन्य श्रेणी के लाभार्थियों को दी जाने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस योजना से 65 लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे।
- प्रस्ताव के अनुसार अनाथ श्रेणी के अतिरिक्त 6 वर्ष तक की आयु वर्ग बच्चों को प्रतिमाह 500 रुपए की जगह 750 रुपए, 06 से 18 वर्ष तक आयुवर्ग को 1000 की जगह 1500 रुपए की सहायता दी जाएगी। सहायता राशि में यह वृद्धि 1 जुलाई 2023 से प्रभारी होगी।

❑❑❑



# रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी

**कटलस एक्सप्रेस**

- अंतरराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास- Cutlass Express 2023 (IMX-CE-23) का आयोजन 26 फरवरी से 16 मार्च 2023 तक किया गया। यह अभ्यास समुद्री सुरक्षा बढ़ाने, समुद्री वाणिज्य के लिए क्षेत्र में समुद्री लेन को सुरक्षित रखने के साझे उद्देश्य के साथ 50 से अधिक देशों और अंतरराष्ट्रीय समुद्री एजेंसियों के प्रतिभागियों के साथ आयोजित किया गया। अभ्यास में भारत के INS त्रिकंद ने हिस्सा लिया।

**अभ्यास ला पेरॉस**

- बहुपक्षीय अभ्यास ला पेरॉस के तीसरे संस्करण का आयोजन 13-14 मार्च, 2023 तक हिंद महासागर क्षेत्र में किया गया। अभ्यास में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना, फ्रांसीसी नौसेना, भारतीय नौसेना, जापानी मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स, रॉयल नेवी और यूनाइटेड स्टेट्स नेवी के कर्मियों, जहाजों और इन्हेलीकाप्टरों की भागीदारी रही। यह द्विवार्षिक युद्धाभ्यास 'ला पेरॉस' फ्रांसीसी नौसेना द्वारा आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य समुद्री क्षेत्र जागरूकता बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भाग लेने वाली नौसेनाओं के बीच समुद्रीय समन्वय को अधिकतम करना है।

**सी ड्रैगन**

- भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जापान और दक्षिण कोरिया द्वारा समुद्री अभ्यास 'सी ड्रैगन' का आयोजन 14-30 मार्च, 2023 तक किया गया। इसका उद्देश्य चीन तथा उत्तर कोरिया के खतरों से निपटने के लिए इन देशों के बीच गठबंधन को मजबूत करना है। साथ ही यह मित्र नौसेनाओं के बीच साझा मूल्यों और एक खुले, समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र हेतु प्रतिबद्धता के आधार पर उच्च स्तर का तालमेल तथा समन्वय की स्थापना करता है।

**INS द्रोणाचार्य को प्रेसीडेंट कलर**

- भारत के राष्ट्रपति ने मार्च 2023 में INS द्रोणाचार्य को 'प्रेसिडेंट्स कलर' प्रदान किया। यह राष्ट्र के लिए अपनी असाधारण सेवाओं हेतु भारत में सैन्य इकाई को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। इसे 'निशान' के रूप में भी जाना जाता है जो एक प्रतीक है तथा जिसे सभी यूनिट अधिकारी अपनी वर्दी में बाएं हाथ की आस्तीन पर पहनते हैं। तीनों रक्षा बलों में से भारतीय नौसेना वर्ष 1951 में डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा प्रेसिडेंट्स कलर से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय सशस्त्र सेना थी। भारत के साथ-साथ कई राष्ट्रमंडल देशों में कलर की परंपरा ब्रिटिश सेना से ली गई है। भारतीय नौसेना का INS द्रोणाचार्य कोच्चि, केरल में स्थित एक प्रतिष्ठित गनरी स्कूल है। यह छोटे हथियारों, नौसैनिक मिसाइलों, तोपखाने, रडार और रक्षात्मक उपायों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण अधिकारियों और रेटिंग के लिए जिम्मेदार है।

**अभ्यास बोल्ड कुरुक्षेत्र**

- सिंगापुर की सेना और भारतीय सेना ने 6-13 मार्च 2023 को जोधपुर सैन्य स्टेशन में द्विपक्षीय शस्त्राभ्यास 'बोल्ड कुरुक्षेत्र' के 13वें संस्करण में भाग लिया। इस अभ्यास की मेजबानी भारतीय सेना ने की। बोल्ड कुरुक्षेत्र अभ्यास सिंगापुर की सेना और भारतीय सेना के बीच संयुक्त सेना प्रशिक्षण एवं अभ्यास हेतु द्विपक्षीय व्यवस्था के दायरे में आयोजित किया जाता है। यह अभ्यास पहली बार वर्ष 2005 में आयोजित किया गया था। भारत और सिंगापुर के बीच अन्य अभ्यासों में संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण (वायु सेना), त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास SIMTEX (थाईलैंड के साथ) और अग्नि योद्धा अभ्यास (सेना) शामिल हैं।

**आईएनएस एंड्रोथ**

- आठ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC) की श्रृंखला में दूसरे जहाज, INS एंड्रोथ को 21 मार्च 2023 को कोलकाता में लॉन्च किया गया। INS एंड्रोथ का नाम लक्षद्वीप द्वीप समूह में एंड्रोथ द्वीप के रूप में प्रसिद्ध सबसे बड़े और सबसे लंबे द्वीप के नाम पर रखा गया है। इसका निर्माण कार्य कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा किया गया।

- INS एंड्रोथ तीन डीजल चालित वाटर जेट द्वारा संचालित है, यह जहाज 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त कर सकता है। INS एंड्रोथ का प्राथमिक कार्य तटीय जल में पनडुब्बी रोधी संचालन, कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन और खदान बिछाने का संचालन कार्य करना है। ये जहाज आकार में छोटे होते हैं, परंतु हल्के टॉरपीडो, ASW रॉकेट और माइंस, क्लोज-इन वेपन सिस्टम (30 मि.मी. की बंदूक के साथ) तथा 16.7 मि.मी. स्थिरीकृत रिमोट-नियंत्रित बंदूकें भी ले जाने में सक्षम होते हैं।

### कोंकण अभ्यास

- भारतीय नौसेना और ब्रिटेन की रॉयल नेवी के बीच वार्षिक सैन्य अभ्यास अरब सागर में कोंकण तट पर 20 से 22 मार्च, 2023 तक आयोजित किया गया। अभ्यास ने तैयारी-तत्परता का प्रदर्शन किया, अंतर-संचालनीयता में वृद्धि और संयुक्त ऑपरेशन आयोजित किए गए। इस अभ्यास की शुरुआत वर्ष 2004 में हुई थी।

### मेघा ट्रॉपिक्स-1 उपग्रह

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा हाल ही में सेवामुक्त किए गए मेघा-ट्रॉपिक्स-1 (MT-1) उपग्रह के नियंत्रित पुनः प्रवेश परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह एक इंडो-फ्रेंच अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है, जिसे उष्णकटिबंधीय मौसम और जलवायु का अध्ययन करने के लिए अक्टूबर 2011 में लॉन्च किया गया था। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य संवहन प्रणालियों के जीवन चक्र को समझना है जो उज़्णकटिबंधीय मौसम और जलवायु को प्रभावित करते हैं एवं उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के वातावरण में ऊर्जा तथा नमी बजट में उनकी भूमिका को समझने में मदद करते हैं।

### AFINNDEX-2023

- संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अफ्रीका-भारत क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास (AFINDEX-2023)' का दूसरा संस्करण 16-29 मार्च, 2023 को महाराष्ट्र में आयोजित किया गया। अफ्रीकी महाद्वीप के कुल 25 देशों के 124 प्रतिभागियों के साथ सिख, मराठा और महार रेजिमेंट के भारतीय सैनिकों ने बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य व्यावहारिक एवं गहन चर्चा तथा सामरिक अभ्यास के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र शांति सेना (UNPKF) की वर्तमान गतिशीलता के साथ 'क्षेत्रीय एकता के लिए अफ्रीका-भारत सेना' (Africa-India Militaries for Regional Unity- AMRUT) की अवधारणा को बढ़ावा देना है।

### कोप इंडिया अभ्यास

- भारत और अमेरिका की वायु सेनाओं के बीच पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर 10 से 21 अप्रेल, 2023 के बीच 'कोप इंडिया अभ्यास' का आयोजन किया गया। अभ्यास में जापान पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ।
- **यह भी जानें**:-कोप इंडिया अभ्यास एक द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास है जिसमें भारतीय वायु सेना और अमेरिकी वायु सेना शामिल हैं। यह वर्ष 2004 में एक लड़ाकू-प्रशिक्षण अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था। अभ्यास की सबसे हालिया पुनरावृत्ति वर्ष 2019 में हुई थी। इस अभ्यास को लड़ाकू-प्रशिक्षण अभ्यास, विषय विशेषज्ञ आदान-प्रदान, वायु गतिशीलता प्रशिक्षण, एयरड्रॉप प्रशिक्षण एवं बड़े सैन्य अभ्यासों को शामिल करने हेतु विकसित किया गया है।

### स्लिनेक्स-2023

- भारतीय और श्रीलंकाई नौसेना के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास स्लिनेक्स-23 के 10वें संस्करण का आयोजन 3 से 8 अप्रेल, 2023 तक कोलंबो में किया गया। अभ्यास दो चरणों में आयोजित हुआ- हार्बर चरण और सागर चरण। इसका उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच अंतर-संक्रियता को बढ़ाना, आपसी समझ में सुधार करना व सर्वोत्तम तरीकों का आदान-प्रदान करना है। SLINEX का पिछला संस्करण मार्च 2022 में विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया था।

### सेलुलर कृषि

- सेलुलर कृषि अपेक्षाकृत एक नई अवधारणा है जो पारंपरिक पशु कृषि का स्थायी और नैतिक विकल्प है। इसमें सीधे तौर पर पशुओं की सहायता के बजाय सेल/कोशिकीय पद्धति की सहायता से पशु-आधारित उत्पाद जैसे कि मांस, दुग्ध और सी-फूड प्राप्त करना शामिल है। इस तकनीक में दो अलग-अलग दृष्टिकोण हैं, अर्थात् कोशिकीय कृषि और सटीक किण्वन। कोशिकीय कृषि पद्धति में कष्टरहित प्रक्रिया के माध्यम से पशुओं का स्टेम सेल प्राप्त किया जाता है और फिर उन्हें बड़े कंटेनरों में पोषित किया जाता है, जहां वे विकसित होते हैं। दूसरी ओर सटीक-किण्वन विधि में दुग्ध और अंडे के सफेद भाग वाले प्रोटीन जैसे उत्पादों का उत्पादन करने के लिए खमीर/यीस्ट जैसे सूक्ष्मजीवों का उपयोग किया जाता है।

**समुद्र आधारित बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा इंटरसेप्टर**

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और भारतीय नौसेना ने 21 अप्रेल 2023 को बंगाल की खाड़ी में ओडिशा के तट से समुद्र आधारित अंत: वायुमंडलीय इंटरसेप्टर मिसाइल का सफलतापूर्वक पहला उड़ान परीक्षण किया। परीक्षण का उद्देश्य शत्रुतापूर्ण बैलिस्टिक मिसाइल खतरे का सामना एवं उसे बेअसर करना था, जो भारत को नौसेना बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा (Ballistic Missile Defence-BMD) क्षमता वाले देशों में शामिल करेगा। इस सफल परीक्षण के साथ भारत ने अत्यधिक जटिल नेटवर्क-केंद्रित एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम विकसित करने में आत्मनिर्भरता हासिल की है, जो भारत की रणनीतिक रक्षा क्षमताओं की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह सफल परीक्षण स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है।

❑❑❑

Kaizen
Class 12th के बाद
ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय
IAS & RAS इंटीग्रेटेड कोर्स
FEATURES
• SPECIFICALLY DESIGNED COURSE
• COMPLEMENTARY CLASSES FOR GRADUATION SUBJECTS*
• COMPLETE STUDY MATERIAL
• NCERT RELEVANT CHAPTERS BOOKLET
• REGULAR TEST SERIES
• PERSONAL MENTORSHIP
• LIMITED SIZE BATCHES
• LIBRARY FACILITY
• ONLINE COURSE FREE WITH OFFLINE
SEPARATE BATCH FOR HINDI & ENGLISH MEDIUM




### भारत दूसरा बड़ा चीनी निर्यातक देश

- विश्व में चीनी निर्यात के मामले में भारत दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। पहला स्थान ब्राजील का है। वर्ष 2017-18 और 2021-22 के बीच भारत का चीनी निर्यात 810.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 4.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में चीनी का निर्यात 5.5 अरब डॉलर को पार कर सकता है।
- **यह भी जानें:-** चीनी उद्योग एक महत्त्वपूर्ण कृषि-आधारित उद्योग है जो लगभग 50 मिलियन गन्ना किसानों की ग्रामीण आजीविका का आधार है और लगभग 5 लाख श्रमिक प्रत्यक्ष तौर पर चीनी मिलों में कार्यरत हैं।

### पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क

- केन्द्र सरकार ने टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के सात राज्यों (उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात) में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की मंजूरी दी है। इनकी स्थापना वर्ष 2026-27 तक की जाएगी। देश के पहले पीएम मित्र पार्क की स्थापना तमिलनाडु के आकांक्षी जिले विरुदुनगर में की जाएगी।

### भारत विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक

- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के ट्रेंड्स इन इंटरनेशनल आर्म्स ट्रांसफर 2022 रिपोर्ट के अनुसार, भारत वर्ष 2018 से 2022 तक विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक बना रहा, इसके बाद सऊदी अरब और यूक्रेन का स्थान रहा। भारत वर्ष 2018-22 में हथियारों का विश्व में सबसे बड़ा आयातक था, जो कुल वैश्विक आयात का 11% हिस्सा था।
- वैश्विक हथियारों के निर्यात में अमेरिकी हिस्सेदारी 33% से बढ़कर 40% हो गई, जबकि रूस की हिस्सेदारी 22% से गिरकर 16% हो गई। रूस 2013-17 और 2018-22 के मध्य भारत का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्त्ता था, किंतु भारत में हथियारों के आयात में इसकी हिस्सेदारी 64% से गिरकर 45% हो गई, जबकि फ्रांस वर्ष 2018-22 के मध्य भारत के लिए दूसरे सबसे बड़े हथियार आपूर्तिकर्त्ता (29%) के रूप में उभरा, उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका (11%) पर है।

### भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान

- विश्व बैंक ने 'साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस: एक्सपैंडिंग अपॉर्च्युनिटीज: टूवर्ड इनक्लूसिव ग्रोथ' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है, जो भारत, श्रीलंका तथा पाकिस्तान के लिए आर्थिक पूर्वानुमान प्रदान करती है। रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर को घटाकर 6.3% कर दिया गया है और इस कमी के लिए प्राथमिक कारणों के रूप में उच्च उधार लागत तथा धीमी आय वृद्धि का हवाला दिया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की विकास दर 6.4% से बढ़ने की उम्मीद है, जो पिछले पूर्वानुमान से 0.3% अंक का उन्नयन दर्शाता है।
- **विश्व बैंक:-** वर्ष 1944 में IMF के साथ मिलकर पुनर्निर्माण और विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय बैंक (IBRD) के रूप में इसे अमेरिका के ब्रेटनवुड्स में स्थापित किया गया था। बाद में IBRD को विश्व बैंक नाम दिया गया। विश्व बैंक संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसियों में से एक है। वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 189 है। इसका मुख्यालय वाशिंगटन डीसी में है।

### रेल विकास निगम को नवरत्न कम्पनी का दर्जा

- केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने रेल विकास निगम (RVNL) को मिनी रत्न श्रेणी-1 से नवरत्न में अपग्रेड करने को मंजूरी प्रदान की है। इसके साथ ही अब RVNL सेन्ट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज में 13वां नवरत्न बन गया है।

**नवरत्न कम्पनी हेतु मापदंड:-**

- किसी कम्पनी को नवरत्न का दर्जा तभी मिलता है जब कम्पनी के पास चार स्वतंत्र निदेशक हों तथा उसे मिनी रत्न कंपनी की कैटेगरी-1 का दर्जा मिला हुआ हो।

- पिछले पांच वर्षों में कम्पनी में समझौता ज्ञापन प्रणाली के तहत तीन वर्षों के लिए उत्कृष्ट या बहुत अच्छा के रूप में रेंटिंग प्राप्त की हो।
- कम्पनी को नेट वर्थ, शुद्ध लाभ, कुल उत्पादन लागत, जनशक्ति लागत, सेवा लागत और नियोजित पूंजी जैसे मापदंडों में 100 में से 60 या उससे अधिक स्कोर प्राप्त होना चाहिए।

### विदेश व्यापार नीति 2023

- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा 1 अप्रेल, 2023 से नई विदेश व्यापार नीति (FTP) 2023 लागू की है। FTP 2023 एक नीति दस्तावेज है जो निर्यात को सुगम बनाने वाली समय-परीक्षणित योजनाओं की निरंतरता पर आधारित है, साथ ही यह एक ऐसा दस्तावेज है जो त्वरित व्यापार आवश्यकताओं के लिए उत्तरदायी है।
- **यह भी जानें**:- सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत के समग्र निर्यात को 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना है, जिसमें वस्तु एवं सेवा क्षेत्रों का समान योगदान होगा। सरकार का लक्ष्य सीमा पार व्यापार में भारतीय मुद्रा के उपयोग को प्रोत्साहित करना भी है, जो जुलाई 2022 में RBI द्वारा पेश किए गए एक नए भुगतान निपटान ढांचे से सहायता प्राप्त है।

### RBI का ग्रीन डिपॉजिट फ्रेमवर्क

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने भारत में ग्रीन फाइनेंस इकोसिस्टम (GFS) विकसित करने के उद्देश्य से ग्राहकों के लिए ग्रीन डिपॉजिट (हरित जमा) की पेशकश करने हेतु एक नए फ्रेमवर्क की घोषणा की है। यह ढांचा 1 जून, 2023 से लागू होगा। ग्रीन डिपॉजिट (हरित निक्षेप) निश्चित अवधि के लिए एक विनियमित इकाई (Regulated Entity-RE) द्वारा प्राप्त ब्याज-युक्त जमा को संदर्भित करता है, जिसमें ग्रीन फाइनेंस (हरित वित्त पोषण) के आवंटन हेतु निर्धारित आय होती है।
- **ग्रीन फाइनेंस इकोसिस्टम**:- GFS वित्तीय प्रणाली को संदर्भित करता है जो पर्यावरणीय रूप से स्थायी परियोजनाओं और गतिविधियों में निवेश का समर्थन एवं उन्हें सक्षम बनाता है। इसमें कई प्रकार के वित्तीय उत्पाद शामिल हैं, जैसे कि ग्रीन बॉण्ड, ग्रीन लोन, ग्रीन इंश्योरेंस और ग्रीन फंड जो पर्यावरण के अनुकूल विधियों एवं परियोजनाओं को बढ़ावा देने हेतु तैयार किए गए हैं। ग्रीन फाइनेंस इकोसिस्टम का उद्देश्य एक ऐसी वित्तीय प्रणाली बनाना है जो कम कार्बन, संसाधन- कुशल और टिकाऊ अर्थव्यवस्था में संक्रमण में सहयोग करती है, जबकि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण एवं जैवविविधता क्षति जैसे पर्यावरणीय मुद्दों से जुड़े जोखिमों तथा अवसरों को भी शामिल करता है।

### लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक-2023

- विश्व बैंक की ओर से अप्रेल 2023 में 'लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक (LPI) 2023' जारी किया गया। 139 देशों को लेकर जारी सूचकांक में भारत 38वें स्थान पर है।
- **यह भी जानें**:- LPI विश्व बैंक समूह द्वारा विकसित एक इंटरैक्टिव बेंचमार्किंग टूल है। यह देशों को व्यापार लॉजिस्टिक के प्रदर्शन में आने वाली चुनौतियों और अवसरों की पहचान करने में मदद करता है। यह विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला कड़ियों और इसे सक्षम करने वाले मूलभूत घटकों को स्थापित करने की सुलभता का आकलन करता है। लॉजिस्टिक की प्रभावशीलता का आकलन 6 कारकों के आधार पर किया जाता है:- सीमा शुल्क प्रदर्शन, आधारभूत संरचना की गुणवत्ता, शिपमेंट की सुलभ व्यवस्था, लॉजिस्टिक सेवाओं की गुणवत्ता, प्रेषित वस्तु की ट्रैकिंग और अनुरेखण व शिपमेंट की समयबद्धता।



# खेल जगत्

## क्रिकेट

### भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज

- ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम मार्च 2023 में भारत दौरे पर रहीं यहां दोनों देशों के बीच चार टेस्ट मैचों की 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी' और 3 एक दिवसीय मैचों की सीरीज खेली गई।
- **बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफीः**- भारत ने मेहमान टीम को 2-1 से हराकर टेस्ट सीरीज जीती। एक मैच अनिर्णीत रहा। भारत के आर. अश्विन और रविन्द्र जडेजा को संयुक्त रूप से 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पेट कमिंस थे।
- **वन डे सीरीजः**- दोनों देशों के बीच खेली गई तीन एक दिवसीय मैचों की सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराकर अपने नाम की। ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।

### विजडेन के पांच क्रिकेटरों में हरमनप्रीत कौर

- विजडेन के वर्ष 2022 के पांच नामित क्रिकेटरों में भारत की महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर को शामिल किया गया है। वे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने वाली देश के पहली महिला हैं।
- **ये भी शामिलः**- विजडेन क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने वाले अन्य चार खिलाड़ियों में टॉम ब्लुंडेल (न्यूजीलैंड), डेनिल मिशेल (न्यूजीलैंड), बने फोक्स (इंग्लैंड) व मैथ्यू पोट्स (इंग्लैंड) शामिल हैं।

## टेनिस

### मियामी ओपन

- मियानी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा में किया गया।

**ये रहे विजेताः-**

**पुरुष एकल :- विजेता**- डेनियल मेदवेदव (रूस)
**उपविजेता** - जेनिक सिनर (इटली)

**महिला एकलः- विजेता**- पेत्रा क्वितोवा (चेक गणराज्य)
**उपविजेता** - इलेना रीबाकीना (कजाखस्तान)

## कुश्ती

### एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप

- एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन 9-14 अप्रेल 2023 को कजाखस्तान के अस्ताना में किया गया। प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण सहित कुल 20 पदक की साथ कजाखस्तान पहले व 6 स्वर्ण पदक सहित कुल 20 पदक जीतकर जापान दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने कुल 14 पदक (1 स्वर्ण, 3 रजत व 10 कांस्य) जीतकर 7वां स्थान प्राप्त किया।

**भारत के पदक विजेताः-**

- **स्वर्ण** - अमन सहरावत
- **रजत** - रुपिन पंघाल, अन्तिम पंघाल, निशा दहिया
- **कांस्य** - दीपक मिरका, अनिरुद्ध गुलिया, नीरज छीकारा, विकास दलाल, सुनील कुमार, अंशु मलिक, सोनम मलिक, मनीषा भानवाला, रितिका हुडा, प्रिया मलिक।

## एथलेटिक्स

### पुरुषों की लम्बी कूद का रिकॉर्ड

- तमिलनाडु के जेसविन एल्ड्रिन ने 2 मार्च 2023 को दूसरी एएफआई राष्ट्रीय कूद प्रतियोगिता में पुरुषों की लम्बी कूद स्पर्द्धा में नया रिकॉर्ड स्थापित किया। उन्होंने 8.92 मीटर की कूद लगाकर एम श्रीशंकर के 8.36 मीटर के रिकॉर्ड को तोड़ा।

## हॉकी

### हीरो संतोष ट्रॉफी

- कर्नाटक ने मेघालय को हराकर 5वीं बार पुरुषों की सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप संतोष ट्रॉफी जीती है। 4 मार्च 2023 को सऊदी अरब के रियाद में खेले गए मैच में कर्नाटक ने मेघालय को 3-2 से हराया। कर्नाटक के रॉबिन यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## निशानेबाजी

### आईएसएसएफ निशानेबाजी वर्ल्ड कप

- इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में 20-27 मार्च 2023 को भोपाल में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भारत ने कुल 7 पदक (1स्वर्ण, 1 रजत व 5 कांस्य) जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 9 पदकों (5 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य) के साथ चीन पहले स्थान पर रहा।

**भारत के पदक विजेताः-**

- **स्वर्ण** - सरबजोत सिंह
- **रजत** - वरुण तोमर/रिदम सांगवान
- **कांस्य** - वरुण तोमर, रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल, रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल/नर्मदा राजू, मनु भाकर, सिफ्ट कौर सामरा

## मुक्केबाजी

### आईबीए वुमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप

- आईबीए वुमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 15-26 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में किया गया। प्रतियोगिता में भारतीय मुक्केबाजों ने 4 स्वर्ण पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर रहे चीन ने 3 स्वर्ण, 1 रजत व 3 कांस्य पदक जीते।
- **भारत के पदक विजेताः-** नीतू घंघास, स्वीटी बूरा, निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन।

❑❑❑



# Our Course Features




- Classes By Best Experts
- Printed Booklets
- Regular Test Paper Pre & Mains
- Library Facility
- Personal Mentorship
- Loan Facility: No Cost EMI
- Limited Size of Batch

ऑफलाइन बैच के साथ ऑनलाइन कोर्स फ्री

GET IT ON Google Play

**Download Samyak IAS App For Online Courses**

# टेस्ट सीरीज

## RAS

### Mains

**Total 40 Test**

28 Topics Wise + 12 Full Test

(Every Sunday) @ 10 am

### Prelims

**Total 20 Test**

12 Topic Wise + 8 Full Test)

(Every Sunday) @ 10 am

## PSI

**Total 40 Test**

Paper 1st 20 Paper
Paper 2st 20 Paper

(Every Sunday) @ 10 am


- ☑ वर्तमान परिदृश्य पर आधारित
- ☑ RPSC पैटर्न के अनुसार
- ☑ Detailed Model Answer Key
- ☑ Online & Offline
- ☑ Hindi & English Medium

**Samyak**
An Institute For Civil Services

**RAS-2018 में सर्वश्रेष्ठ परिणाम**




MUKTA RAO



Rank 3 Shivakshi Khandal | Rank 4 Nikhil Kumar | Rank 5 Varsha Sharma | Rank 6 Yashwant Meena | Rank 7 Ravi Goyal | Rank 9 Vikas Prajapat

**RAS में Selection संभव कीजिए, सम्यक् के साथ**



# फ्री सेमीनार

## 04 जून (रविवार) प्रातः 10 बजे

# RAS | PSI

Foundation | Prelims Gold

Paper 1st & Paper 2nd

**ऑफलाइन व Live From Classroom**

## बैच प्रारम्भ: 5 जून (सोमवार) से

- ☑ लिमिटेड साइज ऑफ़ बैच
- ☑ ऑनलाइन एंड ऑफलाइन बैच
- ☑ Separate Batch For Hindi & English Medium

**ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन कोर्स फ्री**

Samyak — An Institute For Civil Services

GET IT ON Google Play

**Samyak, Near Riddhi-Siddhi, Jaipur | 9875170111**